छत्तीसगढ़ विधान सभा

(षष्ठम्)

खण्ड – 4

फरवरी–मार्च, 2025 सत्र

के

प्रश्नों के पूर्ण उत्तर

(दिनांक 14 जुलाई, 2025 को सदन में प्रस्तुत)

(एक)

(प्रस्तावना)

छत्तीसगढ़ विधान सभा प्रक्रिया एवं कार्य संचालन संबंधी नियमावली के अध्याय–7 के नियम–51 के अनुसार इस संकलन में फरवरी–मार्च, 2025 सत्र हेतु नियत बैठकों की प्रश्नोत्तर सूचियों में मुद्रित अपूर्ण उत्तरों का संबंधित विभागों द्वारा प्रेषित पूर्ण उत्तरों का संकलन सम्मिलित किया गया है। साथ ही यथासमय प्राप्त पृथक वितरित एवं पुनरीक्षित उत्तरों को भी मुद्रित कराया गया है ।

दिनांक 21 मार्च, 2025 की प्रश्नोत्तरी में मुद्रित अतारांकित प्रश्न संख्या–34 (क्र.–2033) का वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा उक्त प्रश्न के उत्तर के स्थान पर त्रुटिवश किसी अन्य प्रश्न का उत्तर ऑनलाईन अपलोड किया गया था, फलस्वरूप उक्त असंबद्ध उत्तर प्रश्नोत्तर सूची में भी मुद्रित हो गया था। पश्चात् मान. सदस्य द्वारा गलत उत्तर संबंधी प्राप्त आवेदन के आधार पर विभाग से वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त किए जाने के उपरांत सही उत्तर प्राप्त कर इस संकलन में मुद्रित कराया गया है।

शासन द्वारा पूर्व में दी गयी जानकारी बड़े कोष्टक [.....] के अंदर मुद्रित है । इस संकलन में सामान्य प्रशासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, वन एवं जलवायु परिवर्तन, सहकारिता, खेलकूद एवं युवा कल्याण, नगरीय प्रशासन एवं विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, वाणिज्य एवं उद्योग, गृह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, महिला एवं बाल विकास तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभागों के प्रश्न एवं यथासमय विभागों से प्राप्त प्रश्नों के उत्तर में संशोधन तथा प्रश्नोत्तर सूची के शुद्धि पत्रों की सूची सम्मिलित की गयी है।

रायपुर,
दिनांक : 11 जुलाई, 2025.

दिनेश शर्मा
सचिव

विषय सूची

क्रमांक	विषय	पृष्ठ संख्या
1.	फरवरी–मार्च, 2025 सत्र से संबंधित प्रश्नोत्तर	1–22
2.	फरवरी–मार्च, 2025 सत्र के प्रश्नोत्तरों से संबंधित परिशिष्ट	23–112
3.	फरवरी–मार्च, 2025 सत्र में प्राप्त प्रश्नों के उत्तर में संशोधन तथा प्रश्नोत्तर सूची से संबंधित शुद्धि पत्रों की सूची	113–143

फरवरी -मार्च, 2025 सत्र से संबंधित प्रश्नोत्तर

प्रदेश में भारतमाला परियोजना के प्रभावितों को मुआवजा

[राजस्व एवं आपदा प्रबंधन]

1. (क्र. 226) डॉ. चरण दास महंत : क्या राजस्व मंत्री, यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) भारतमाला परियोजना हेतु जिला रायपुर, बिलासपुर एवं कोरबा में अर्जित निजी, शासकीय एवं वनभूमि के भू-स्वामी का नाम, खसरा नंबर, रकबा, सिंचित, असिंचित सहित तहसीलवार विवरण दें? मुआवजे की दरें क्या हैं? तीनों प्रकार की भूमि में कितने-कितने पेड़ों की कटाई हो रही है ? इस हेतु मुआवजा की दरें क्या है? कितनी राशि जमा की गई है ? (ख) कितने भू-स्वामियों और शासकीय भूमि का मुआवजा वितरण कर दिया गया है? कितना वितरण किया जाना शेष है? वितरण में विलम्ब का कारण क्या है ? (ग) क्या रायपुर जिले के ग्राम नायक बांधा में किसानों के 32 खाते को 247 छोटे-छोटे टुकड़ों में विभाजित कर मुआवजा का निर्धारण एवं वितरण किया गया है? कलेक्टर रायपुर द्वारा संस्थित जांच का निष्कर्ष तथा लोक सेवकों के विरूद्ध कार्यवाही का विवरण बताएं ? (घ) कार्य एजेंसी का नाम, पता, अनुबंध की तिथि, लागत राशि तथा कार्य पूर्णता अवधि भी बतावें ?

राजस्व मंत्री (श्री टंक राम वर्मा) : [(क) **जानकारी एकत्रित** की जा रही है। (ख) **जानकारी एकत्रित** की जा रही है। (ग**) जानकारी एकत्रित** की जा रही है। (घ) **जानकारी एकत्रित** की जा रही है।**]** (क) **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''अ'' अनुसार है।** (ख) शेषांश की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''ब'' अनुसार है।** (ग) कलेक्टर, रायपुर से प्राप्त पत्र दिनांक 26.04.2024 जांच प्रतिवेदन (की प्रति पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''अ'' भाग के साथ) के अनुसार ग्राम नायकबांधा में 13 मूल खसरों को 53 छोटे-छोटे भू-खण्डों में बंटाकन करके मुआवजा वितरण किये जाने का लेख किया गया है। कलेक्टर द्वारा गठित जांच दल से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार भूमि अर्जन हेतु प्रारंभिक अधिसूचना के प्रकाशन के उपरांत क्रय-विक्रय के प्रकरणों को शामिल किए जाने तथा पूर्व दिनांक के फर्जी नामांतरण प्रकरण तैयार कर मुआवजा स्वीकृत किए जाने से शासन को आर्थिक क्षति होना प्रतिवेदित किया गया है। जिला कलेक्टर से प्राप्त जांच रिपोर्ट पर कार्यवाही करते हुए विभाग द्वारा श्री लखेश्वर प्रसाद किरण तत्कालीन नायब तहसीलदार गोबरा नवापारा, श्री जितेन्द्र साहू तत्कालीन हल्का पटवारी क्र. 49 नायकबांधा, श्री दिनेश पटेल, वर्तमान पटवारी हल्का 49 नायकाबांधा, श्री लेखराम देवांगन तत्कालीन हल्का पटवारी 24 टोकरो, निलंबित किया गया है। शेष व्यक्तियों श्री निर्भय साहू, तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी(रा.) एवं सक्षम अधिकारी (भू-अर्जन), श्री शशिकांत कुर्रे, डिप्टी कलेक्टर, तत्कालीन तहसीलदार अभनपुर के विरूद्ध सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है। (घ) शेषांश की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''स'' अनुसार है।** **[पृथक वितरित उत्तर]**

जलजीवन मिशन अंतर्गत स्त्रोत विहीन स्थानों की जानकारी

[लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी]

2. (क्र. 271) श्री अजय चंद्राकर : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) , यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रदेश के कुल कितने ग्रामों के कितने घरों में नल कनेक्शन लगाने का लक्ष्य रखा गया है तथा लक्ष्य के अनुरूप कितने ग्रामों के, कितने घरों में नल कनेक्शन कार्य पूर्ण/अपूर्ण/प्रगतिरत्/अप्रारंभ की स्थिति में हैं तथा निर्धारित समायावधि कब तक है? कितनी बार समय वृद्धि की गयी तथा नवीन समयावधि कब तक निर्धारित की गयी है? कितना प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है और निर्धारित लक्ष्य से कितना आगे/पीछे चल रहा है? (ख) उक्त योजनांतर्गत ऐसे कितने ग्रामों के घरों में, कितनी लागत का नल कनेक्शन लगाया जा चुका है जहां जल स्त्रोत विहीन व पर्याप्त जल स्त्रोत विहीन

हैं? क्या इन स्थानों में नल कनेक्शन से संबंधित कार्य पूर्ण करने के पूर्व जल स्त्रोत का परीक्षण कराया गया था? यदि हां, तो ऐसी स्थिति में किसके निर्देश पर कनेक्शन लगाने की मंजूरी दी गयी? यदि परीक्षण नहीं किया गया है तो किस आधार पर नल कनेक्शन लगाया गया? इन एजेंसियों के नाम, मालिक का नाम व पता सहित बतायें?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : [(क) जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रदेश के कुल 19656 ग्रामों में 50.03 लाख घरों में नल कनेक्शन लगाने का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य के अनुरूप 19656 ग्रामों के 44 लाख 37 हजार घरों में नल कनेक्शन कार्य पूर्ण/अपूर्ण/ प्रगतिरत्/अप्रारंभ की स्थिति में है। निर्धारित समायावधि वर्ष 2024 थी। 80.3 प्रतिशत घरेलू नल कनेक्शन कार्य पूर्ण हो चुका है। लक्ष्य के विरूद्ध समानुपातिक प्रगति लक्ष्य से आगे/पीछे चल रही है। (ख) योजनांर्तगत स्त्रोत विहीन व पर्याप्त जल स्त्रोत विहीन 3907 ग्रामों के 808411 घरों में नल कनेक्शन लगाये गये। लागत रू. 208666.7 लाख। जी हां। जिला जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा कार्य स्वीकृत किये गये। प्रश्न ही उपस्थित नही होता है। जल स्त्रोत विहीन व पर्याप्त जल स्त्रोत विहीन ग्रामों में कार्यरत एजेंसियों के नाम, मालिक का नाम व पता सहित जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है।**]** (क) जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रदेश के कुल 19656 ग्रामों के 50,03,519 घरों में नल कनेक्शन लगाने का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य के अनुरूप 5291 ग्रामों के 12,80,808 घरों में नल कनेक्शनकार्य पूर्ण, 14,079 ग्रामों के 37,00,064 घरों में नल कनेक्शन कार्य अपूर्ण/प्रगतिरत एवं 286 ग्रामों के 22,647 घरों में नल कनेक्शन कार्य अप्रारंभ की स्थिति है। निर्धारित समयावधि वर्ष 2024 थी। एक बार समयावृद्धि की जाकर नवीन समयावधि वर्ष 2028 लक्ष्य के विरूद्ध 80.3 प्रतिशत घरेलू नल कनेक्शन कार्य पूर्ण हो चुका है। लक्ष्य के विरूद्ध 19.7 प्रतिशत पीछे चल रही है। (ख) योजनांतर्गत स्त्रोंत विहीन व पर्याप्त जल स्त्रोंत विहीन 39.07 ग्रामों के 8,08,411 घरों में नल कनेक्शन लगाये गये। लागत रू. 208666.7 लाख। जी हां। नल कनेक्शन लगाने की मंजूरी जिला जल एवं स्वच्छता मिशन से अनुमोदन पश्चात् कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा दी गई है। प्रश्न ही उपस्थित नही होता। जल स्त्रोंत विहीन व पर्याप्त जल स्त्रोंत विहीन ग्रामों में कार्यरत एजेंसियों के नाम, मालिक का नाम व पता सहित जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र** अनुसार है। **[पुनरीक्षित उत्तर]**

प्रदेश में बंद पड़े इन्डक्शन फर्नेस तथा रोलिंग मिलों के कर्मचारियों नियोजन
[वाणिज्य एवं उद्योग]

3. (क्र. 432) डॉ. चरण दास महंत : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री , यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दिसम्बर, 2023 तक प्रदेश में कितने इन्डक्शनफर्नेस (मिनी स्टील प्लान्ट) और रोलिंग मिल उत्पादनरत थे ? जनवरी, 2024 से जनवरी, 2025 तक कितनों में उत्पादन कार्य बंद है ? बन्द होने का कारण उद्योग के नाम सहित बतावें ? बन्द होने के कारण उत्पादन कितना कम हो रहा है ? (ख) उक्त बन्द हुए उद्योगों में कितने-कितने कर्मचारी, तकनीशियन, इंजीनियर, प्रबंधक कार्यरत थे ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री लखन लाल देवांगन) : [(क) जिलों से प्राप्त जानकारी अनुसार उद्योगों को जारी ई.एम. पार्ट-2 एवं उत्पादन प्रमाण पत्र अनुसार दिसम्बर 2023 तक प्रदेश में 228 इन्डक्शन फर्नेस (मिनी स्टील प्लान्ट) और रोलिंग मिल विभाग में पंजीकृत थे, जिसका **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''अ''** में दर्शित है। जनवरी, 2024 से जनवरी 2025 तक उक्त इकाईयों में से 01 इकाई मेसर्स ओरियेण्ट इस्पात प्रा.लि., ग्राम-टेडेसरा, जिला राजनांदगांव में उत्पादन कार्य बन्द है। इकाई से प्राप्त जानकारी अनुसार इकाई में परिचालन घाटा के कारण उत्पादन कार्य बन्द है, जिसके कारण एच.आर. स्ट्रिप्स का उत्पादन 36000 मे.टन कम हो रहा है। बंद इकाई की **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''ब''** में दर्शित है। (ख) इकाई को जारी ई.एम. पार्ट-2 अनुसार इकाई में 07 प्रबंधकीय, 16 कुशल एवं 135 अकुशल श्रमिक नियोजित थे। इकाई से प्राप्त जानकारी अनुसार बन्द होने से पूर्व उद्योग में कुल 06 कर्मचारी, 23 तकनीशियन, 01 इंजीनियर, 03 प्रबंधक कार्यरत थे, जिसकी **विस्तृत**

विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''ब'' में दर्शित है।**]** (क) जिलों से प्राप्त जानकारी अनुसार उद्योगों को जारी ई.एम. पार्ट-2 एवं उत्पादन प्रमाण पत्र अनुसार दिसम्बर 2023 तक प्रदेश में 232 इन्डक्शनफर्नेस (मिनी स्टील प्लान्ट) और रोलिंग मिल विभाग में पंजीकृत थे। जनवरी, 2024 से जनवरी, 2025 तक 05 इकाईयों में उत्पादन कार्य बन्द है। बन्द होने के कारण उत्पादन कुल 3,10,860 टन (तीन लाख दस हजार आठ सौ साठ) कम हो रहा है। बन्द होने का कारण की जानकारी उद्योग के नाम सहित**विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र** पर दर्शित है। (ख) उक्त बन्द हुए उद्योगों में कार्यरत कर्मचारी, तकनीशियन, इंजीनियर, प्रबंधक की **विस्तृत विवरण जानकारी संलग्न प्रपत्र** पर दर्शित है।

[पुनरीक्षित उत्तर]

परिशिष्ट - एक

अभनपुर नगर अंतर्गत गौरव पथ निर्माण योजना

[नगरीय प्रशासन एवं विकास]

4. (क्र. 479) श्री इन्द्र कुमार साहू : क्या उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) , यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या अभनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अभनपुर नगर पालिका में मुख्य मार्ग पर गौरव पथ निर्माण कार्य की कोई योजना प्रस्तावित है? यदि हाँ तो कितने किलोमीटर लंबाई के कितनी राशि के निर्माण की योजना है? (ख) वर्तमान में अभनपुर नगर गौरव पथ योजना किस स्तर पर प्रक्रियाधीन है?

उप मुख्यमंत्री (लोक निर्माण) (श्री अरूण साव) : [(क) अभनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अभनपुर नगर पालिका में मुख्य मार्ग पर गौरव पथ निर्माण कार्य की कोई भी योजना प्रस्तावित नहीं है। प्रश्न उद्भूत नहीं होता है। (ख) प्रश्न उद्भूत नहीं होता है। **]** (क) जी हॉ, लोक निर्माण विभाग द्वारा अभनपुर नगर पालिका क्षेत्र में पुराने नेशनल हाईवे में गौरवपथ निर्माण कार्य 2.8 कि.मी. राशि रूपये 2640.51 लाख की प्रस्तावित की गई है। (ख) लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता, नवा रायपुर अटल नगर को संशोधित प्राक्कलन कार्यवाही हेतु प्रेषित है। **[पुनरीक्षित उत्तर]**

डिजिटल एरेस्ट/साईबर काईम प्रकरणों पर कृत कार्यवाही

[गृह]

5. (क्र. 507) श्री धरमलाल कौशिक : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह), यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2023-2024 एवं 2024-2025 अंतर्गत प्रदेश में जिलावार कुल कितने-कितने डिजिटल एरेस्ट/साईबर क्राईम के माध्यम से राशि हड़पने के प्रकरण दर्ज हुए हैं? इनमें से कितने पीड़ितों से कितनी राशि अवैध रूप से वसूली गई है और कितनी राशि पीड़ितो को वापस कराई गई है और कितनी वापस होना बाकी है? जिलावार जानकारी देवें ? (ख) कंडिका (क) अंतर्गत अवधि में से कितने आरोपी चिन्हाकित किये गए हैं ? कितने गिरफ्तार किये गए हैं तथा कितनों की गिरफ्तारी शेष है व कब तक गिरफ्तार किये जावेंगे? (ग) कंडिका 'क' अनुसार अपराध हेतु कुल कितने खातों में अवैध रूप से राशि स्थानांतरित कराई गई है तथा इनमें से कितने खाते अभी बंद हो गए हैं और कितने खाते अभी भी चालू हैं और इन्हें अभी तक बंद क्यों नहीं कराया गया है? कितने खातों को बंद कराने का अनुरोध करने के बाद भी दिनांक 31/01/2025 तक बैंक प्रबंधन द्वारा खाते बंद नहीं कराये गए ? इनमें से कितने खाते ऐसे हैं, जिनमें 2 या अधिक पीड़ितों की राशि उनमें से एक ही खाते में अलग-अलग समय में हस्तांतरित की गई है?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : [(क) प्रश्नाधीन अवधि की जिलावार जानकारी **पुस्तकालय** में रखे ''प्रपत्र'' अनुसार है। (ख) जानकारी **पुस्तकालय** में रखे ''प्रपत्र'' अनुसार है। (ग) जानकारी **पुस्तकालय** में रखे ''प्रपत्र'' अनुसार है। **]** (क) प्रश्नाधीन अवधि की जिलावार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''अ'' अनुसार** है। (ख) जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''ब'' अनुसार** है। (ग) जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-''स'' अनुसार** है।

[पुनरीक्षित उत्तर]

जिला-बलौदा बाजार-भाटापारा में अमानक खाद, बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक के वितरण के सम्बंध में।

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

6. (क्र. 564) श्री संदीप साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री , यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) क्या जिला- बलौदा-बाजार-भाटापारा में वर्ष 2022-23 से 31.01.2025, तक कृषकों को अमानक खाद, बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक का वितरण होने की जानकारी प्राप्त हुई है, यदि हां तो इन्हें प्रतिबंधित करने एवं संम्बंधितों के विरूद्ध जांच के लिए विभागीय सक्षम अधिकारियों द्वारा अब तक क्या-क्या कार्यवाही की गई है? (ख) जिला स्तर पर खाद, बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक के अमानक नमूने पर प्रतिबंध लगाने का अधिकार किस सक्षम अधिकारी को दिया गया है? नाम एवं पदनाम सहित बतायें? प्रतिबंध किन-किन धाराओं के तहत किया जाता है? जानकारी देवें, (ग) क्या यह सही है कि प्रश्नावधि तक में कई प्रकरणों में सक्षम अधिकारी द्वारा न नमूना लिया गया है, न ही प्रतिबंध लगाया गया है क्यों? प्रतिबंध लगाने हेतु सक्षम प्राधिकारी कौन हैं?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : [(क) **जानकारी संकलित** की जा रही है। (ख) **जानकारी संकलित** की जा रही है। (ग) **जानकारी संकलित** की जा रही है। **]** (क) जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में वर्ष 2022-23 से 31/01/2025 तक कृषकों को विभिन्न स्त्रोतों से विक्रय हेतु भण्डारित कृषि आदान (उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक) के गुणनियंत्रण के उद्देश्य से यादृच्छिक रूप से लियें गये नमूनों में से अमानक पाये गये नमूनों तथा इस परिपेक्ष्य में कृत कार्यवाही की जानकारी प्रपत्र-अ, प्रपत्र-ब, एवं प्रपत्र-स अनुसार है। (ख) जिला स्तर पर खाद, बीज एवं कीटनाशक के अमानक नमूने पर प्रतिबंध लगाने का अधिकार उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक निरीक्षक को दिया गया है। नाम, पदनाम एवं प्रतिबंध हेतु उपयोग की गई धाराओं की **जानकारी प्रपत्र-अ, प्रपत्र-ब, एवं प्रपत्र-स** अनुसार है। (ग) जी नहीं। जिले में प्रश्नावधि तक में समस्त प्रकरणों में सक्षम अधिकारी द्वारा ही नमूना लिया गया है, तथा परिणाम अमानक पाये जाने पर सक्षम अधिकारी के द्वारा ही प्रतिबंधात्मक की कार्यवाही किया गया है। उर्वरक, बीज एवं कीटनाशकों के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने हेतु सक्षम प्राधिकारी उर्वरक, बीज एवं कीटनाशी निरीक्षक है।

परिशिष्ट - दो

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. रायपुर के अन्तर्गत सामग्री खरीदी में आर्थिक अनियमितता की शिकायतों पर कार्यवाही ।

[सहकारिता]

7. (क्र. 567) श्री संदीप साहू : क्या वन मंत्री , यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2023-24 से जनवरी, 2025 तक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. रायपुर द्वारा बैंक की विभिन्न शाखाओं/समितियों के लिए किन-किन उपयोगी वस्तु, सामग्री की खरीदी की गई है? क्या उपयोगी वस्तु एवं सामग्री का क्रय जेम पोर्टल/निविदा के माध्यम से तथा छत्तीसगढ़ भण्डार क्रय नियमों का पालन कर की गई है? यदि हां तो कार्यादेश मात्रावार, दर एवं फर्म का नाम सहित वर्षवार जानकारी बतावें? (ख) प्रश्नांश 'क' अनुसार जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. रायपुर को बैंक की विभिन्न शाखाओं/समितियों से वस्तु/सामग्री क्रय करने की मांग पत्र /इंन्डेंट कब-कब प्राप्त हुए हैं ? मात्रावार एवं वस्तु/सामग्री का नाम सहित जानकारी देवें? (ग)क्या जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. रायपुर के विरूद्ध आर्थिक अनियमितता करने संबंधी शिकायतें शासन को प्राप्त हुई हैं? यदि हां तो शिकायतों की जांच कब-कब की गई है तथा दोषियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई है?

वन मंत्री (श्री केदार कश्यप) : [(क) (ख) एवं **(ग) जानकारी एकत्रित** की जा रही है।**] (क)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ अनुसार है। (ख)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-ब अनुसार है। (ग)** जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स एवं प्रपत्र-द अनुसार है।**

मुंगेली विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत खाद एवं बीज का प्रदाय
[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

8. (क्र. 595) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या आदिम जाति विकास मंत्री , यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2022-23 से मुंगेली विधानसभा क्षेत्र में दिनांक 31.01.2025 तक खरीफ एवं रबी फसल हेतु किस-किस प्रकार के कितनी मात्रा मे रासायनिक खाद एवं बीज की मांग के विरूद्व केन्द्र शासन द्वारा कितनी मात्रा में आबंटन दिया गया, राशि बतावें? (ख) प्रश्नांक अवधि में मुंगेली विधानसभा क्षेत्र के कृषकों द्वारा किस-किस प्रकार के बीज एवं किस-किस प्रकार की रासायनिक खाद की मांग के विरुध्द कितनी मात्रा में खाद एवं बीज का प्रदाय किया गया? क्या राज्य शासन द्वारा किन्ही अन्य माध्यम/एजेंसी से भी रासायनिक खाद एवं बीज की खरीदी की गई? यदि हां तो कितनी मात्रा में कितनी राशि की, वर्षवार विकासखण्डवार बतावें?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : [(क) वर्ष 2022-23 से 31.01.2025 तक मुंगेली विधानसभा से संबद्ध विकासखण्डों मुंगेली एवं पथरिया हेतु आंकलित उर्वरक मांग का विकासखण्डवार, वर्षवार विवरण **संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है ।** केन्द्र सरकार से उर्वरक आपूर्ति हेतु जिलेवार मांग प्रेषित नही की जाती, अपितु संपूर्ण राज्य की आवश्यकता हेतु मांग केन्द्र सरकार को प्रेषित की जाती है।प्रश्नाधीन अवधि में केन्द्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये उर्वरकों में से मुंगेली एवं पथरिया विकासखण्डों में की गई आपूर्ति का विवरण **संलग्न प्रपत्र- ब अनुसार है ।** इस हेतु केन्द्र सरकार द्वारा किसी प्रकार की राशि नही दी जाती है। अतः शेष जानकारी निरंक है।मुंगेली विधानसभा क्षेत्र से संबद्ध विकासखण्डों हेतु बीज की मांग केन्द्र सरकार से नही की गई थी अतःशेष जानकारी निरंक है। (ख) प्रश्नाधीन अवधि में विभाग द्वारा रासायनिक उर्वरकों एवं बीज की आंकलित मांग के विरूद्ध भण्डारित एवं वितरित मात्रा का विवरण **संलग्न प्रपत्र-ब एवं प्रपत्र-स अनुसार है।** विभाग द्वारा जिला मुंगेली विधानसभा क्षेत्र से संबद्ध विकासखण्डों में किसी अन्य माध्यम/एजेंसी से रासायनिक खाद एवं बीज की खरीदी नहीं की गई है। अतः शेष जानकारी निरंक है।**]** (क) वर्ष 2022-23 से 31.01.2025 तक मुंगेली विधानसभा से संबद्ध विकासखण्डों मुंगेली एवं पथरिया हेतु आंकलित उर्वरक मांग का विकासखण्डवार, वर्षवार विवरण **संलग्न प्रपत्र-अ अनुसार है ।** केन्द्र सरकार से उर्वरक आपूर्ति हेतु जिलेवार मांग प्रेषित नही की जाती, अपितु संपूर्ण राज्य की आवश्यकता हेतु मांग केन्द्र सरकार को प्रेषित की जाती है।प्रश्नाधीन अवधि में केन्द्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये उर्वरकों में से मुंगेली एवं पथरिया विकासखण्डों में की गई आपूर्ति का विवरण **संलग्न प्रपत्र- ब अनुसार है ।** इस हेतु केन्द्र सरकार द्वारा किसी प्रकार की राशि नही दी जाती है। अतः शेष जानकारी निरंक है।मुंगेली विधानसभा क्षेत्र से संबद्ध विकासखण्डों हेतु बीज की मांग केन्द्र सरकार से नही की गई थी अतःशेष जानकारी निरंक है। (ख) प्रश्नाधीन अवधि में विभाग द्वारा रासायनिक उर्वरकों एवं बीज की आंकलित मांग के विरूद्ध भण्डारित एवं वितरित मात्रा का विवरण **संलग्न प्रपत्र-ब एवं प्रपत्र-स अनुसार है।** विभाग द्वारा जिला मुंगेली विधानसभा क्षेत्र से संबद्ध विकासखण्डों में किसी अन्य माध्यम/एजेंसी से रासायनिक खाद एवं बीज की खरीदी नहीं की गई है। अतः शेष जानकारी निरंक है। **[पुनरीक्षित उत्तर]**

परिशिष्ट -तीन

रामपुर विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत विभाग के पूर्ण/अपूर्ण निर्माण कार्यों का भुगतान
[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

9. (क्र. 615) श्री फूलसिंह राठिया : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) , यह बताने की कृपा करेंगे कि रामपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत सत्र 2022 से 2024 तक किस-किस योजना/मद से कितने-कितने निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई ? सूची उपलब्ध करावें ? इनमें कितने कार्य अपूर्ण हैं ? ऐसे कितने निर्माण कार्य हैं, जिनका कार्य पूर्ण कराया जा चुका है, किन्तु राशि भुगतान शेष है ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : [जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र''** अनुसार है।**]**
जानकारी **''पुस्तकालय में रखे प्रपत्र''** अनुसार है। **[पुनरीक्षित उत्तर]**

पंडरिया विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना में स्वीकृत सड़को हेतु जारी निविदायें
[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

10. (क्र. 677) श्रीमती भावना बोहरा : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) , यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कौन-कौन सी और कितनी सड़कें आती हैं ?उनकी कुल लंबाई कितनी है ? (ख) वर्ष 2024-25 में दिनांक 31.01.2025 तक इनमें से कितनी सड़कों हेतु टेंडर जारी किया गया है ? टेंडर जारी करने पश्चात कितने सड़कों का कार्य पूर्ण किया गया है एवं कितनी सड़कों का निर्माण जारी है ? (ग) शेष सड़कों हेतु कब तक टेंडर जारी किए जाएंगे ?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : [(क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** अनुसार है। (ख) वर्ष 2024-25 में दिनांक 31.01.2025 तक उक्त सड़कों में से 04 सड़कों हेतु टेंडर जारी किया गया है। टेंडर जारी करने पश्चात पूर्ण कार्यों की संख्या **निरंक** है एवं 04 सड़कों का निर्माण कार्य प्रगतिरत् है। (ग) टेंडर जारी किये जाने हेतु शेष सड़कों की संख्या **निरंक** है। **]** (क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। (ख) वर्ष 2024-25 में दिनांक 31.01.2025 तक उक्त सड़कों में से 04 सड़कों हेतु टेंडर जारी किया गया है। टेंडर जारी करने पश्चात पूर्ण कार्यों की संख्या **निरंक** है एवं 04 सड़कों का निर्माण कार्य प्रगतिरत् है। (ग) टेंडर जारी किये जाने हेतु शेष सड़कों की संख्या **निरंक** है।

[पुनरीक्षित उत्तर]

परिशिष्ट - चार

बस्तर संभाग में पहुंच विहीन ग्रामों, बसाहटों में स्वीकृत कार्य
[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

11. (क्र. 695) श्री विक्रम मंडावी : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) , यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) बस्तर संभाग में कुल कितने ग्राम /बसाहट हैं? कितने ग्रामों/ग्राम पंचायतों, बसाहटों तक आवागमन हेतु पहुंच-मार्ग एवं पुलिया निर्माण नहीं हैं? जिलेवार जानकारी बतावें? (ख) बीजापुर जिले के अंतर्गत कितने ग्राम, बसाहट में दिसम्बर 2023 तक आवागमन हेतु पहुंच-मार्ग एवं पुलिया निर्माण नहीं किया गया था? जनवरी 2024 से 10 फरवरी 2025 तक कितने ग्रामों/बसाहटो में आवागमन हेतु पहुंच-मार्ग एवं पुलिया निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया एवं निर्माण कार्य किया जा रहा है? ग्राम, बसाहट का नाम एवं स्वीकृति राशि की जानकारी देवें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : [(क) बस्तर संभाग में कुल 3628 ग्राम/10165 बसाहटें है। 1006 ग्रामों के 1302 बसाहटों तक आवागमन हेतु पहुंच मार्ग एवं पुलिया निर्माण नहीं है, की जिलेवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। (ख) बीजापुर जिले के अंर्तगत 374 ग्राम बसाहटों में दिसम्बर 2023 तक आवागमन हेतु पहुंच मार्ग एवं पुलिया निर्माण नहीं किया गया था। जनवरी 2024 से 10 फरवरी 2025 तक ग्रामों/बसाहटों में आवागमन हेतु पहंुच मार्ग एवं पुलिया निर्माण कार्य स्वीकृत की जानकारी **निरंक** है। ग्राम, बसाहट का नाम एवं स्वीकृति राशि की जानकारी **निरंक** है। **]** (क) बस्तर संभाग में कई क्षेत्र गंभीर नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण अब तक जहॉ सर्वेक्षण संभव हो पाया है वहॉ कुल 1772 ग्राम पंचायतों/7156 बसाहटें है। 77 ग्राम पंचायतों के 1124 बसाहटों में पहुंच मार्ग एवं 106 ग्राम पंचायतों के 336 बसाहटों में पुलिया निर्माण नहीं है, की जिलेवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** अनुसार है। (ख) प्रश्नांश 'क' मे दिये गये उत्तर क अनुक्रम में बिजापुर जिले के अंतर्गत 33 ग्राम पंचायतों के 427 बसाहटों मे दिसंबर

2023 तक आवागमन हेतु पहुंच मार्ग एवं 60 ग्राम पंचायतो के 74 बसाहटों मे पुल-पुलिया निर्माण नहीं किया गया था। जनवरी 2024 से 10 फरवरी 2025 तक 41 ग्राम पंचायतों/बसाहटों मे आवागमन हेतु पहुंच मार्ग एवं पुलिया निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया है। ग्राम/बसाहट एवं स्वीकृति राशि की जानकारी **संलग्न प्रपत्र-ब''** अनुसार है।

[पुनरीक्षित उत्तर]

परिशिष्ट - पांच

प्रदेश में आर्थिक अपराध के दर्ज प्रकरण व कृत कार्यवाही

[सामान्य प्रशासन]

12. (क्र. 701) श्रीमती शेषराज हरवंश : क्या मुख्यमंत्री , यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) दिसम्बर, 2023 से 31.01.2025 तक आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो द्वारा प्रदेश में कितने अधिकारियों/कर्मचारियों एवं अन्य लोगों को पकड़ा गया? कितने अपराध पंजीबद्ध किए गए? कितनी राशि जब्त की गई? अधिकारियों/कर्मचारियों एवं अन्य के नाम/पदनाम/जब्त की गई राशि/कार्यालय का पता सहित जानकारी तिथिवार देवें? (ख) प्रश्नांश 'क' के अनुसार आर्थिक अपराध में पकड़े गए अधिकारियों/कर्मचारियों एवं अन्य के विरूद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गई? आरोपी अधिकारी/कर्मचारी वर्तमान में सेवा मे हैं या सेवा से पृथक अथवा दण्डित किया गया है, समुचित जानकारी देवें?

मुख्यमंत्री (श्री विष्णु देव साय) : [(क) दिसम्बर, 2023 से 31.01.2025 तक आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो द्वारा प्रदेश में 78 अधिकारियों/कर्मचारियों एवं अन्य 36 लोगों को पकड़ा गया । 71 अपराध पंजीबद्ध किए गए । कुल राशि रूपये 32,14,380/-(बत्तीस लाख चौदह हजार तीन सौ अस्सी) जब्त की गई । जानकारी **पुस्तकालय** में रखे प्रपत्र "अ" के अनुसार है। (ख) प्रश्नांश "क" के अनुसार आर्थिक अपराध में पकड़े गए अधिकारियों/कर्मचारियों एवं अन्य के विरूद्ध की गई कार्यवाही की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे प्रपत्र "अ" के कॉलम नं.-7 में उल्लेखित है। प्रश्नांश "ख" के शेष बिंदु के संबंध में संबंधित विभागों से जानकारी एकत्रित की जा रही है । **]** (क) दिसम्बर, 2023 से 31.01.2025 तक आर्थिक अन्वेषण ब्यूरो द्वारा प्रदेश में 78 अधिकारियों/कर्मचारियों एवं अन्य 36 लोगों को पकड़ा गया । 71 अपराध पंजीबद्ध किए गए । कुल राशि रूपये 32,14,380/-(बत्तीस लाख चौदह हजार तीन सौ अस्सी) जब्त की गई । जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र "अ"** के अनुसार है। (ख) प्रश्नांश "क" के अनुसार आर्थिक अपराध में पकड़े गए अधिकारियों/कर्मचारियों एवं अन्य के विरूद्ध की गई कार्यवाही की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र "अ"** के कॉलम नं.-7 में उल्लेखित है।आरोपी अधिकारी/कर्मचारी वर्तमान में सेवा में हैं या सेवा से पृथक अथवा दण्डित किया गया है, की **जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।**

परिशिष्ट -छ:

जिला कोंडागांव अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग से संबंधित स्वीकृत कार्य

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

13. (क्र. 715) सुश्री लता उसेंडी : क्या लोक स्वास्थ्य मंत्री , यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) कोंडागांव जिले में वित्तीय वर्ष 2022-23 से दिनांक 10 नवंबर 2024 तक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना अंतर्गत किन-किन कार्यों हेतु कितनी राशि स्वीकृत की गई, स्वीकृत कार्य हेतु कब-कब निविदा आमंत्रित की गयी एवं निविदा/अनुबंधों हेतु नियम शर्तें क्या थीं ? प्रश्नअधीन अवधि में स्वीकृत कार्य हेतु किन-किन संस्थानों को कितनी राशि का भुगतान किया गया, क्या प्रश्नाधीन अवधि में स्वीकृत कार्यों में निविदा शर्तों के पालन नहीं करने संबंधी कोई शिकायत प्राप्त हुई है, यदि हां तो इस पर किस-किस संबंधित अधिकारी के विरुद्ध क्या-क्या कार्रवाई की गई, वर्षवार जानकारी प्रदाय की जाए? (ख) वर्ष 2021-22 एवं 2022- 23 के अंतर्गत एनएचएम द्वारा प्रिंटिंग कार्य हेतु जारी निविदा में कितनी फर्मो ने निविदा में भाग लिया? किन किन फर्म का चयन कर आबंटित कार्य देकर कितनी कितनी राशि का भुगतान किया गया, जानकारी प्रदान

करें । (ग) जिला अस्पताल, कोंडागांव अंतर्गत कितने पदों का सेटअप स्वीकृत हैं तथा स्वीकृति के अनुरूप कितने कर्मचारी, अधिकारी कार्यरत हैं तथा कितने पद, कब से खाली हैं, जानकारी देवें । (घ) क्या जिला हॉस्पिटल, कोंडागांव अंतर्गत रात्रिकालीन इमरजेंसी सेवाएं हेतु आवश्यक उपकरण एवं विशेषज्ञ चिकित्सक की उपलब्धता है तथा विगत 03 वर्षों में रात्रिकालीन समय में कितने प्रसव केस दर्ज हुए हैं तथा उसमें क्या कार्यवाही की गई, वर्ष वार जानकारी प्रदान करें।

लोक स्वास्थ्य मंत्री (श्री श्याम बिहारी जायसवाल) : [(क) जानकारी संलग्न **प्रपत्र ''अ'' अनुसार।** (ख) वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 के अंतर्गत एनएचएम द्वारा प्रिंटिंग कार्य हेतु जारी निविदा में 08 फर्मो ने निविदा में भाग लिया। जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब'' अनुसार।** (ग) जिला अस्पताल, कोंडागांव अंतर्गत 210 पदों का सेटअप स्वीकृत हैं तथा स्वीकृत पदो के विरूद्व 130 कार्यरत हैं एवं 80 पद रिक्त है। विगत तीन वर्ष से खाली है। (घ) जी हॉ। जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब'' अनुसार।]** (क) जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''अ'' अनुसार है**। (ख) वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 के अंतर्गत एनएचएम द्वारा प्रिंटिंग कार्य हेतु जारी निविदा में 08 फर्मो ने निविदा में भाग लिया । जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र ''ब'' अनुसार।** (ग) जिला अस्पताल ,कोंडागांव अंतर्गत 210 पदों का सेटअप स्वीकृत हैं तथा स्वीकृत पदो के विरूद्ध 130 कार्यरत हैं एव 80 पद रिक्त है। विगत तीन वर्ष से खाली है। (घ) जी हॉ। **जानकारी पुस्तकालय में रखें प्रपत्र ''स'' अनुसार।** **[पुनरीक्षित उत्तर]**

गौण वनोपज के स्वामित्व का सामुदायिक अधिकार उपबंध 3 का क्रियान्वयन

[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

14. (क्र. 827) श्री जनक ध्रुव : क्या आदिम जाति विकास मंत्री, यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम, 2006 के तहत ग्राम सभा को गौण वनोपज के स्वामित्व का सामुदायिक अधिकार उपबंध 3 में मान्य किया जा रहा हैं ? भूमि अर्जन करते समय या भूमि का व्यपवर्तन करते समय जो पेड काटे जाते हैं उसके कारण ग्राम सभा के गौण वनोपज के स्वामित्व के जोअधिकार प्रभावित होते हैं उसका मुआवजा ग्राम सभा को दिए जाने हेतु क्या प्रावधान किए गए हैं, या क्या निर्देश प्रसारित किए गए हैं? ऐसे मुआवजा देने हेतु गाँव वनोपज के मूल्य की गणना कैसे की जाती है? यदि इस हेतु प्रावधान नहीं है तो कब तक बना लिए जाएंगे?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : [जी हां, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 एवं नियम, 2007 यथा संशोधित नियम, 2012 के धारा 3(1)(ग) के अनुसार ''गौण वन उत्पादों के, जिनका गांव की सीमा के भीतर या बाहर पारंपरिक रूप से संग्रह किया जाता रहा है, स्वामित्व संग्रह के लिए पहुंच, उनका उपयोग और व्ययन का अधिकार रहा है'' पर सामुदायिक वन अधिकार मान्य किए जाने का प्रावधान है। जिसके आधार पर सामुदायिक वन अधिकार मान्य किया जा रहा है। भूमि अर्जन करते समय जो पेड काटे जाते हैं उसके कारण ग्राम सभा के गौण वनोपज के स्वामित्व के जो अधिकार प्रभावित होते हैं उसका मुआवजा ग्राम सभा को दिए जाने के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन, आदिम जाति विकास विभाग, अनुसूचित जाति विकास विभाग, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक विकास विभाग द्वारा जारी पत्र दिनांक 18.02.2025 के कंडिका क्र. 04 में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (LARR Act, 2013) के अनुसार ग्रामसभा को मुआवजा देने के संबंध में प्रावधानों का उल्लेख किया गया है। वनभूमि अर्जन करते समय जो पेड काटे जाते हैं उसके कारण ग्राम सभा के गौण वनोपज के स्वामित्व के जो अधिकार प्रभावित होते हैं, ऐसे प्रकरणों में मुआवजा हेतु वनोपज के मूल्य की गणना करने की प्रक्रिया का उल्लेख भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन मे उचित मुआवजा और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 में है। उक्त अधिनियम में वर्णित संबंधित प्रावधानों का उल्लेख उपर्युक्त उल्लेखित विभागीय पत्र की कंडिका 04(घ) में भी किया गया है। जबकी वनभूमि के व्यपवर्तन के संबंध में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग से प्राप्त उत्तर अनुसार भूमि व्यपवर्तन करते समय ग्रामसभा के प्रस्ताव एवं सहमति

लिये जाने के पश्चात ही व्यपवर्तन की प्रक्रिया प्रारंभ की जाती है। अतः जो पेड़ काटे जाते हैं एवं उसके कारण ग्रामसभा के गौण वनोपज के स्वामित्व के जो अधिकार प्रभावित होते हैं उसका मुआवजा ग्रामसभा को दिए जाने हेतु कोई प्रावधान नहीं है, न ही कोई दिशा-निर्देश प्रसारित किया गया है। **]** जी हां, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 एवं नियम, 2007 यथा संशोधित नियम, 2012 के धारा 3(1)(ग) के अनुसार ''गौण वन उत्पादों के, जिनका गांव की सीमा के भीतर या बाहर पारंपरिक रूप से संग्रह किया जाता रहा है, स्वामित्व संग्रह के लिए पहुंच, उनका उपयोग और व्ययन का अधिकार रहा है'' पर सामुदायिक वन अधिकार मान्य किए जाने का प्रावधान है। जिसके आधार पर सामुदायिक वन अधिकार मान्य किया जा रहा है। भूमि अर्जन करते समय जो पेड काटे जाते हैं उसके कारण ग्राम सभा के गौण वनोपज के स्वामित्व के जो अधिकार प्रभावित होते हैं उसका मुआवजा ग्राम सभा को दिए जाने के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन, आदिम जाति विकास विभाग, अनुसूचित जाति विकास विभाग, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक विकास विभाग द्वारा जारी पत्र दिनांक 18.02.2025 के कंडिका क्र. 04 में भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (LARR Act, 2013) के अनुसार ग्रामसभा को मुआवजा देने के संबंध में प्रावधानों का उल्लेख किया गया है। वनभूमि अर्जन करते समय जो पेड काटे जाते हैं उसके कारण ग्राम सभा के गौण वनोपज के स्वामित्व के जो अधिकार प्रभावित होते हैं, ऐसे प्रकरणों में मुआवजा हेतु वनोपज के मूल्य की गणना करने की प्रक्रिया का उल्लेख भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन मे उचित मुआवजा और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 में है। उक्त अधिनियम में वर्णित संबंधित प्रावधानों का उल्लेख उपर्युक्त उल्लेखित विभागीय पत्र की कंडिका 04 (घ) में भी किया गया है। **[पुनरीक्षित उत्तर]**

शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने का लक्ष्य
[आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास]

15. (क्र. 838) श्री बघेल लखेश्वर : क्या आदिम जाति विकास मंत्री , यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छ0ग0 राज्य के जिलों में संचालित शैक्षणिक संस्थाओं में दर्ज छात्र-छात्राओं का आय, जाति एवं निवास प्रमाण बनाये जाने का क्या लक्ष्य निर्धारित था? अद्यतन स्थिति क्या है ? इसे कब तक पूरा किया जाना था? आगे क्या समय-सीमा तय की गई है? (ख) क्या इस कार्य में लापरवाही, उदासीनता बरतने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के विरूद्ध कोई कार्यवाही की गई है? स्पष्ट करें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : [(क) **जानकारी संकलित** की जा रही है। (ख) **जानकारी संकलित** की जा रही है। **]**

(क)

क्र.	**प्रमाण पत्र का प्रकार**	**लक्ष्य**	**अघतन स्थिति (उपलब्धि)**
1.	जाति प्रमाण पत्र	2242445	1876842
2.	निवास प्रमाण पत्र	2095714	1750467
3.	आय प्रमाण पत्र	2107557	1645437

विस्तृत **जानकारी संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। लक्ष्य पूरा किये जाने हेतु समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
(ख) प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

परिशिष्ट - सात

विधानसभा सीतापुर अंतर्गत गौठानों में निर्मित वर्मी कम्पोस्ट खाद का भुगतान
[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

16. (क्र. 886) श्री रामकुमार टोप्पो : क्या आदिम जाति विकास मंत्री , यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) विधानसभा क्षेत्र सीतापुर में जनवरी, 2021–दिसंबर, 2024 तक कितने गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट खाद महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाया गया है ? गौठानों का नाम व वर्मी कम्पोस्ट बनाने वाली महिला स्वयं सहायता समूह का नाम सहित विवरण ब्लॉकवार, ग्राम पंचायतवार प्रदान करें ? (ख) कंडिका ' क ' अनुसार उक्त गौठानों में कितना वर्मी कम्पोस्ट खाद उत्पादित व बिक्री हुआ ? (ग) कंडिका ' क ' अनुसार वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने वाली महिला स्वयं सहायता समूह को क्या कार्य का भुगतान किया गया है ? यदि हां तो किस महिला स्वयं सहायता समूह को कितना भुगतान किया गया ? जानकारी प्रदान करें ? (घ) अगर भुगतान शेष है तो कितनी राशि ? भुगतान कब तक किया जायेगा ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : [(क), (ख), (ग) एवं (घ) की **जानकारी संकलित** की जा रही है**]** (क) विधानसभा क्षेत्र सीतापुर से संबद्ध विकासखण्डों अंबिकापुर, बतौली, मैनपाट एवं सीतापुर में जनवरी, 2021 से दिसंबर, 2024 तक कुल 142 गौठानों में महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित वर्मी कम्पोस्ट खाद का गोठानवार,महिला स्वयं सहायता समूहवार, विकासखंडवार, ग्राम पंचायतवार विवरण **संलग्न प्रपत्रअनुसार है।** (ख) कंडिका "क" अनुसार उक्त गौठानों में कुल 55,402.42 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट खाद का उत्पादन किया जाकर कुल 41,847.01 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट का विक्रय किया गया है। (ग) कंडिका "क" अनुसार वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाने वाली महिला स्वयं सहायता समूह को कार्य का भुगतान किया गया है, भुगतान किये गये राशि का विवरण **संलग्न प्रपत्र अनुसार है।** (घ) भुगतान हेतु कुल राशि रू. 12.81 लाख शेष है, भुगतान किये जाने की अवधि के संबंध में समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

[पृथक वितरित उत्तर]

परिशिष्ट - आठ

धान का क्षेत्राच्छादन, उत्पादन एवं उत्पादकता।
[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

17. (क्र. 931) डॉ. चरण दास महंत : क्या आदिम जाति विकास मंत्री , यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) वर्ष 2023-24 तथा 2024-25 में खरीफ तथा रबी में धान का क्षेत्राच्छादन, उत्पादन तथा उत्पादकता की जिलावार जानकारी दीजिए ? (ख) 2022-23 से 2024-25 तक प्रमाणित धान बीज उत्पादन हेतु पंजीकृत किसान संख्या, रकबा, उपार्जित बीज की मात्रा जिलावार तथा वर्षवार बताए? इसी अवधि में धान बीज की आवश्यकता जिलावार कितनी-कितनी थी और राज्य के बाहर से कितनी मात्रा में धान बीज किन दरों पर क्रय किया गया? स्त्रोत सहित बताएं? (ग) धान बीज उत्पादन में राज्य के आत्मनिर्भर नहीं हो पाने के कारण क्या-क्या हैं?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : [(क) **जानकारी संकलित** की जा रही है।(ख) **जानकारी संकलित** की जा रही है। (ग) **जानकारी संकलित** की जा रही है। **]** (क) वर्ष 2023-24 तथा 2024-25 में खरीफ में धान का क्षेत्राच्छादन, उत्पादन तथा उत्पादकता की जिलावार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-अ** अनुसार है। वर्ष 2023-24 में रबी ग्रीष्मकालीन धान के क्षेत्राच्छादन, उत्पादन तथा उत्पादकता की जिलावार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र -ब** अनुसार है। वर्ष 2024-25 के आंकड़ें माह 30 जून 2025 की स्थिति में संग्रहित किये जायेगें, अतः वर्तमान में दिया जाना संभव नहीं है। (आंकड़ों का स्त्रोत कार्यालय आयुक्त भू-अभिलेख छत्तीसगढ़) (ख) वर्ष 2022-23 से 2024-25 तक प्रमाणित धान बीज उत्पादन हेतु पंजीकृत किसान संख्या, रकबा, उपार्जित बीज की मात्रा जिलावार एवं वर्षवार जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-स** अनुसार है। प्रश्नाधीन अवधि में जिलेवार धान बीज की आंकलित मांग की जानकारी **पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-द** अनुसार है। प्रश्नाधीन अवधि में राज्य के बाहर से क्रय किये गये धान बीज मात्रा

एवं दर की **जानकारी पुस्तकालय में रखे प्रपत्र-इ** अनुसार है। (ग) प्रपत्र- 'स' में वर्णित स्थिती के परिपेक्ष्य में यह स्पष्ट है कि प्रतिवर्ष धान बीज की आंकलित मांग की तुलना में उपलब्धता अधिक रही है, अतः शेष प्रश्न उद्भूत ही नहीं होता ।

डोंगरगांव विधानसभा के ग्राम आलीवारा में किसान सुविधा केन्द्र हेतु भवन निर्माण

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

18. (क्र. 942) श्री दलेश्वर साहू : क्या आदिम जाति विकास मंत्री , यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव विधानसभा के ग्राम आलीवारा में किसान सुविधा केन्द्र हेतु भवन निर्माण आरईएस के माध्यम से किया गया है?यदि हां, तो जनवरी, 2025 तक निर्मित किसान सुविधा केन्द्र के भवन का वर्तमान में क्या उपयोग किया जा रहा है? उक्त केन्द्र में लगने वाले उपकरणों की खरीदी के संबंध में उपसंचालक, कृषि, राजनांदगांव व शासन के मध्य कब-कब पत्राचार किया गया है? उपकरणों की खरीदी में विलंब का क्या कारण है? किसान सुविधा केन्द्र में उपकरणों की खरीदी पूर्ण कर केन्द्र कब तक प्रांरभ कर लिया जावेगा ? जानकारी देवें ?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : [जानकारी संकलित की जा रही है।**]** राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव विधानसभा के ग्राम आलीवारा में किसान सुविधा केन्द्र के नाम से भवन निर्माण नहीं कराया गया है। अतः शेष प्रश्न उद्भूत नहीं होता है।

L.W.E. (Left Wing Extremism) की वित्तीय एवं भौतिक स्थिति

[गृह]

19. (क्र. 981) श्री अजय चंद्राकर : क्या उप मुख्यमंत्री (गृह) , यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) छत्तीसगढ़ में कितने जिले या क्षेत्र L.W.E. (Left Wing Extremism) प्रभावित या घोषित हैं? (ख) S.R.E. (Security Related Expenditure) (सुरक्षा संबंधी व्यय) योजनांतर्गत वर्ष 2019 से 2023 तक भारत सरकार की गाईडलाईन के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा कौन-कौन सी कार्ययोजना भारत सरकार को प्रेषित की गयी? उनके परीक्षण उपरांत किन-किन कार्यो की स्वीकृति प्रदान की गयी? (ग) उक्त योजनांतर्गत केन्द्र सरकार से 1 दिसंबर 2018 से 31 दिसंबर 2023 तक कितनी राशि प्राप्त हुयी तथा उक्त स्वीकृत किन-किन कार्यों में, कितनी-कितनी राशि व्यय की गयी तथा कितनी राशि व्यय नहीं कर पायें? वर्षवार बतायें?

उप मुख्यमंत्री (गृह) (श्री विजय शर्मा) : [(क) एसआरई स्कीम अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के 15 जिले क्रमशः जगदलपुर (बस्तर), नारायणपुर, बीजापुर, कांकेर, दंतेवाड़ा, कोण्डागांव, सुकमा, राजनांदगांव, मुंगेली, कबीरधाम, धमतरी, महासमुन्द, गरियाबंद, मानपुर-मोहला-अम्बागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई वामपंथ उग्रवाद से प्रभावित जिले है। (ख) एसआरई स्कीम अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक प्रेषित कार्ययोजना राशि 1,73,801.84 लाख रूपये एवं स्वीकृत कार्ययोजना राशि 98,288.12 लाख रूपये है, विवरण प्रपत्र-''अ'' अनुसार है। (ग) जानकारी **पुस्तकालय** में रखे प्रपत्र अनुसार है। **]** (क) भारत सरकार की एसआरई स्कीम अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के 15 जिले क्रमशः जगदलपुर (बस्तर), नारायणपुर, बीजापुर, कांकेर, दंतेवाड़ा, कोण्डागांव, सुकमा, राजनांदगांव, मुंगेली, कबीरधाम, धमतरी, महासमुन्द, गरियाबंद, मानपुर-मोहला-अम्बागढ़ चौकी, खैरागढ़- छुईखदान-गण्डई वामपंथ उग्रवाद से प्रभावित जिले है तथा 01 जिला बलरामपुर लिगेसी एण्ड थ्रस्ट डिस्ट्रिक्ट है। (ख) भारत सरकार की एसआरई स्कीम अंतर्गत कार्ययोजना वित्तीय वर्षानुसार प्रेषित की जाती है। वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक प्रेषित कार्ययोजना राशि 1,73,801.84 लाख रूपये एवं स्वीकृत कार्ययोजना राशि 98,288.12 लाख रूपये है। विस्तृत जानकारी **पुस्तकालय** में रखे प्रपत्र-''अ'' अनुसार है। (ग) भारत सरकार की एसआरई स्कीम अंतर्गत केन्द्र सरकार से 01 दिसम्बर 2018 से 31 दिसम्बर 2023 तक कुल राशि 55,766.09 लाख रूपये प्राप्त हुई है। जानकारी **पुस्तकालय** में

रखे प्रपत्र-''ब'' अनुसार है। योजनांतर्गत राशि व्यय होने के उपरांत प्रतिपूर्ति के रूप में राशि प्राप्त होती है तथा प्राप्त राशि मदवार प्राप्त न होकर किश्तों में प्राप्त होती है। प्रश्नाधीन अवधि में भारत सरकार से विभिन्न तिथियों को प्राप्त राशि आबंटन संबंधी आदेश की छायाप्रति व व्यय एवं प्राप्ति शेष की जानकारी **पुस्तकालय** में रखे प्रपत्र-''स'' अनुसार है। उक्त अवधि में केन्द्र सरकार से प्राप्त संपूर्ण राशि का उपयोग किया गया हैं, अतः राशि शेषांश का प्रश्न उत्पन्न नहीं होता है। उक्त अवधि में पुलिस विभाग द्वारा एसआरई मद अंतर्गत लगभग राशि रू. 99897,32 लाख व्यय किया गया है।

[पुनरीक्षित उत्तर]

सी.वीड जेल और उसके समकक्ष उत्पादों की दरें निर्धारित किए जाने हेतु बीज निगम को प्रेषित मांग

[कृषि विकास एवं किसान कल्याण]

20. (क्र. 1023) डॉ. सम्पत अग्रवाल : क्या आदिम जाति विकास मंत्री , यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) प्रदेश में कृषि विभाग के किन अधिकारियों द्वारा बीज निगम को सी. वीड जेल और उसके समकक्ष उत्पादों की दरें निर्धारित किये जाने के लिए मांग प्रेषित की गई है? (ख) उक्त सामग्री के क्रय हेतु बीज निगम और राज्य शासन के किन अधिकारियों की समिति बनाई गई और उनके द्वारा क्या अनुशंसा की गई? (ग) यदि उक्त सामग्री की राज्य और केंद्र की योजनाओं में वितरण हेतु अनुमति नहीं थी तो बीज निगम को इस सामग्री की दर निर्धारण हेतु पत्र प्रेषित करने वाले अधिकारियों और अनुमत सामग्री न होने पर भी इसके क्रय की अनुशंसा करने वाले तकनीकी समिति के अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई?

आदिम जाति विकास मंत्री (श्री रामविचार नेताम) : [(क) **जानकारी संकलित** की जा रही है। (ख) **जानकारी संकलित** की जा रही है। (ग) **जानकारी संकलित** की जा रही है। **]** (क) संचालनालय कृषि तथा संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी तथा उनके अधीनस्थ कार्यालयों के किसी भी अधिकारी द्वारा इस संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमि. को कोई मांग प्रेषित नहीं की गई है और न ही बीज निगम को इस संबंध में कोई पत्र प्राप्त हुआ है। (ख) सी.वीड जेल एवं उनके समकक्ष उत्पादों के क्रय हेतु किसी समिति का गठन नही किया गया है। अतः अनुशंसा संबंधी जानकारी निरंक है। प्रश्नाधीन सामग्रियों के प्रथम बार दर निर्धारण के संबंध में तथ्यात्मक स्थिति इस प्रकार हैः-

''बीज निगम के पत्र क्र/मुख्या./एम.एस.-1/2013-14/1160-61 दिनांक 25.03.2013 द्वारा ''प्लांट ग्रोथ रेगुलेटर'' हेतु जारी निविदा के परिपेक्ष्य में दर संविदा आंमत्रण पत्र के ऑनलाईन प्राप्त तकनीकी बिड का 08 निर्धारित पात्रता बिन्दुओं के आधार पर परीक्षण हेतु दिनांक 25.03.2013 को समिति की बैठक सम्पन्न हुई, समिति द्वारा कुल 6 निविदाकर्ताओं के टेक्निकल बिड का परीक्षण किया गया। जिसमें 6 निविदाकर्ता कम्पनी को उपयुक्त दस्तावेजों के आधार पर मान्य करते हुए इनकी फाईनेशियल बिड खोलने की अनुशंसा की गई। जिसके उपरांत दिनांक 06.06.2013 को फाईनेशियल बिड समिति द्वारा विचार उपरांत काऊंटर ऑफर जारी करने हेतु दर की अनुशंसा की गई।''

(ग) चूंकि इन सामग्रियों की दर निर्धारण हेतु संचालनालय कृषि तथा संचालनालय उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी तथा उनके अधीनस्थ कार्यालयों के किसी भी अधिकारी द्वारा पत्र प्रेषित नहीं किया गया है तथा किसी तकनीकी समिति द्वारा क्रय हेतु अनुशंसा भी नहीं की गई है, अतः शेष प्रश्न उद्भुत नहीं होता।

जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में पर्यवेक्षक के स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त पद

[महिला एवं बाल विकास]

21. (क्र. 1126) श्री किरण देव : क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री , यह बताने की कृपा करेंगे कि (क) जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2021-22 से जनवरी, 2025 तक महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कितनी परियोजनाएं संचालित हैं ? विकासखंडवार जानकारी उपलब्ध करावें ? (ख) प्रश्नांश 'क' की परियोजनाओं में कितने

पर्यवेक्षक /कार्यकर्ता/मितानिन के पद स्वीकृत हैं ? स्वीकृत पदों के विरूद्ध कितने कार्यरत एवं कितने रिक्त हैं ? रिक्त पदों की पूर्ति कब तक कर दी जावेगी ? वर्तमान में पर्यवेक्षक/कार्यकर्ता/मितानिन के पदों हेतु कितना-कितना वेतन/मानदेय प्रतिमाह दिया जाता है ? देय वेतन/मानदेय में राज्यांश एवं केन्द्रांश राशि पृथक पृथक बतावें ? (ग) प्रश्नांश 'क' की अवधि में कितने आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवनों का मरम्मत कार्य/नवीन भवन निर्माण हेतु कितनी -कितनी राशि स्वीकृत एवं व्यय की गई ?

महिला एवं बाल विकास मंत्री (श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े) : [(क) जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत वर्ष 2021-22 से जनवरी 2025 तक महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित परियोजनाएं निम्नांकित है:-

क्र.	विकासखण्ड	परियोजना का नाम
1	जगदलपुर	जगदलपुर ग्रामीण
2		जगदलपुर शहरी
3	दरभा	दरभा (आंशिक)

(ख) प्रश्नांश 'ख' अनुसार विधानसभा क्षेत्र जगदलपुर में 19 पर्यवेक्षक के तथा 477 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद स्वीकृत है जिसके विरूद्ध 16 पर्यवेक्षक एवं 477 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कार्यरत है। पर्यवेक्षक के रिक्त पद की पूर्ति हेतु समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को देय मानदेय की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ अनुसारहै।**

- मितानिन के पद की स्वीकृति विभाग द्वारा नही दी जाती है। अतः जानकारी निरंक है।
- पर्यवेक्षकों को सातवें वेतनमान के लेबल-6 के अनुसार वेतन का भुगतान किया जाता है।**]**

(क) जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत वर्ष 2021-22 से जनवरी 2025 तक महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित परियोजनाएं निम्नांकित है:-

क्र.	विकासखण्ड	परियोजना का नाम
1	जगदलपुर	जगदलपुर ग्रामीण
2		जगदलपुर शहरी
3	दरभा	दरभा (आंशिक)

(ख) प्रश्नांश 'ख' अनुसार विधानसभा क्षेत्र जगदलपुर में 19 पर्यवेक्षक के तथा 477 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद स्वीकृत है जिसके विरूद्ध 16 पर्यवेक्षक एवं 477 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कार्यरत है। पर्यवेक्षक के रिक्त पद की पूर्ति हेतु समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को देय मानदेय की **जानकारी संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसारहै।

- मितानिन के पद की स्वीकृति विभाग द्वारा नही दी जाती है। अतः जानकारी निरंक है।
- पर्यवेक्षकों को सातवें वेतनमान के लेबल-6 के अनुसार वेतन का भुगतान किया जाता है।

(ग) जानकारी **संलग्न प्रपत्र 'ब' एवं 'स'** अनुसारहै। **[पुनरीक्षित उत्तर]**

परिशिष्ट - नौ

प्रदेश के दिव्यांगजनों के लिये संचालित योजनायें।

[समाज कल्याण]

